राजस्थान सरकार

न्यायालय भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी बीकानेर

आज्ञा–पत्र

सरजीत बनाम कमला आदि

पत्रावली संख्या 101/2016 विषय–धारा 225 आर.टी.ए.1955

दिनांक	आज्ञा	वि0वि0
12.10.2023	पत्रावली पेश हुई । अपीलांट अभिभाषक उपस्थित । माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर की निगरानी सं0 462/2018 उनवान कमला देवी बनाम सरजीत के निर्णय दिनांक 05.09.2023 को जरिये विड्रा खारिज करने के आदेश की पालना में पत्रावली सं0 101/2016 उनवान सरजीत बनाम कमला आदि पुनः पेशी पर ली गई । अपीलांट अभिभाषक व अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलांट व रेस्पो0 के मध्य आपस में लोकअदालत की भावना से राजीनामा हो गया है अब अपीलांट इस अपील को किसी भी प्रकार से आगे नही चलाना चाहते है अतः अपील अपीलांट की इसी स्तर पर विड्रा करने की अनुमति प्रदान करावें । अपीलांट अभिभाषक के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया अपीलांट व रेस्पो0 के मध्य लोकअदालत की भावना से आपस में राजीनामा हो गया है । अब अपीलांट इस अपील को आगे नही चलाना चाहते है व अपील को इसी स्तर पर खारिज करवाना चाहते है अतः अपील अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपील इसी स्तर पर खारिज की जाती है । पत्रावली नम्बर से कम होकर दाखिल दफतर हो । निर्णय आज दिनांक 12.10.2023 को खूले न्यायालय में सुनाया गया ।	

(अशोक सांगवा)
भूप्रबन्ध अधिकारी एवं
पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी
बीकानेर